(ङ)(i) हिमाचल प्रदेश मे छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने का कोई कार्य शुरू नहं किया जा रहा है।

(ii) नांगलडैम--उना लाइन को जनवरी, 1991 में यात्री यातायात के लिये खोल दिया गया था। उना से आगे का कार्य छोड़ दिया गया है क्योंकि राज्य सरकार अपने वायदे से मुकर गयी है।

तीन टायर वाले वातानुकूलित डिब्बों के प्रयोग का प्रारंभ करना

5784. **श्री राघवजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल मंत्रालय और अधिक संख्या में तीन-टायर वातानुकूलित डिब्बों का प्रयोग आरम्भ करने वाला है, यदि हां, तो उनका प्रयोग कब तक आरम्भ किया जायेगा और वे किन-किन मार्गों पर किया जायेगा ; और

(ख) इन में कितना किराया लगेगा ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों में चल रहे वातानुकूल कुर्सीयानों को वातानुकूल 3 टियर शयनयान सवारी डिब्बों द्वारा बदलने का विनिश्चय किया गया है और तदनुसार 1994-95 के उत्पादन कार्यक्रम में 65 वातानुकूल 3 टियर शयनयान सवारी डिब्बों को शामिल किया गया है। कुछ और स्व-जनित्र वातानुकूल 3 टियर शयनयानों को उत्पाद मिश्र में शामिल किया गया है और इन्हें लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में लगाने का प्रस्ताव है।

(ख) वातानुकूल 3 टियर शायिकाओं का किराया, वातानुकूल कुर्सीयान के किरायों की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक निर्धारित किया जाता है।

देश में सभी मीटर रेल लाइनों को बड़ी-लाइनों में बदला जाना

5785. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने देश में सभी छोटी रेल लाइनों को बदलने का निर्णय लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध मे क्या कार्रवाई की जा रही है और इस कार्य को कब तक पूरा किये जाने की संभावना है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) :

(क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Operation of tourist circuits

5786. ŞHRIMATI KAMLA SINHA:
SHRI RANJAN PRASAD YADAV:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the operation of eight tourist circuits on the broad gauge and metre gauge lines are to be opened to multinational tourist and hotel chains; and

(b) if so, what are the causes therefor and the details thereof ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) It has been decided to introduce tourist train services on eight tourist circuits as detailed in the statement attached. (*See* below) The tourist trains in Rajasthan, Gujarat and Tamil Nadu will be run in collaboration with Tourism Development Corporations of these States. It is proposed to

invite offers for the operation of the tourist trains on the remaining five circuits from the private sector, International tourist and hotel chains can also bid in response to the Tender notice.

Statement

Broad Gauge :

1. Delhi Cantt.—Jaipur—Jodhpur—Jaisalmer—Sawai Madhopur—Bharatpur—Agra—Delhi Cantt.
2. Howrah—Gaya— Varanasi—Gorakhpur—Bhubaneswar—Puri—Howrah.
3. Bombay—Aurangabad—Nanded—Secunderabad—Hyderabad—Pune—Bombay.
4. Goa—(Madgaon)—Mangalore—Mysore—Hospet—Bangalore—Goa (Madgaon).
5. Delhi—Jaipur—Agra—Gwalior—Jhansi—Varanasi—Lucknow—Delhi.
6. Bangalore—Mysore—Madras—Kodaikanal Road—Kanniya Kumari—Trivandrum—Cochin—Mettupalayam—Bangalore.

Metre Gauge :

7. Delhi Cantt.—Jaipur—Udaipur—Ahmedabad—Veraval—Palitana—Delhi Cantt.
8. Madras Egmore—Pondicherry—Karaikal/Velankini—Tiruchirappalli—Madurai—Rameshwaram—Thanjavur—Chidambaram—Madras Egmore.

शाही रेलगाड़ियों को चलाए जाने का प्रस्ताव

5787. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के कुछ भागों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये शाही गाड़ियों को चलाये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो ये गाड़ियां देश के किन-किन भागों में चलेंगी और उनकी विशेषताओं और किराया संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इन गाड़ियों को रेलवे द्वारा चलाया जायेगा या इन्हें व्यक्तियों या फर्मों को संविदा आधार पर दे दिया गया है ; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) से (घ) संलग्न विवरण में दर्शाये गये ब्यौरे के अनुसार आठ पर्यटक सर्किटों पर "पैलेस-आन-व्हील्स" गाड़ी के पैटर्न पर पर्यटक गाड़ी सेवायें शुरू करने का प्रस्ताव है । (**नीचे देखिये**) । राजस्थान, गुजरात और तमिलनाडु राज्यों में पर्यटक गाड़ियों के विपणन और प्रबंधन का कार्य संबंधित राज्य पर्यटन विकास निगमों को सौंपा गया है । शेष क्षेत्रों में पर्यटक गाड़ी सेवाओं के प्रबंधन के लिये निजी क्षेत्र से प्रस्ताव आमंत्रित करने का प्रस्ताव है ।

विवरण

बड़ी लाइन :

1. दिल्ली कैंट-जयपुर-जोधपुर-जैसलमेर-सवाई माधोपुर-भरतपुर-आगरा-दिल्ली कैंट ।
2. हावड़ा-गया-वाराणसी-गोरखपुर - भुबनेश्वर-पुरी-हावड़ा ।
3. बम्बई-औरंगाबाद-नांदेड - सिकन्दराबाद-हैदराबाद-पुणे-बम्बई ।
4. गोवा (मडगांव) मंगलोर-मैसूर-हास्पेट-बैंगलूरू-गोवा (मडगांव) ।
5. दिल्ली-जयपुर-आगरा-ग्वालियर - झांसी-वाराणसी-लखनऊ-दिल्ली ।
6. बैंगलूरू-मैसूर-मद्रास कोडे-कानल रोड-कन्याकुमारी-तिरुवनन्तपुरम-कोचीन-मेटुपालैयम-बैंगलूरू ।